# एआई से देश की भावी पीढ़ी बनेगी सशक्त

## भारत को वैश्विक 'ज्ञान की महाशक्ति' बनाएगा एआई : केंद्रीय शिक्षा मंत्री



**नई दिल्ली,17 फरवरी. केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मंगलवार को कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता ( एआई ) से देश की भावी पीढ़ी सशक्त बनेगी और यह तकनीक भारत को वैश्विक स्तर पर 'ज्ञान की महाशक्ति' के रूप में स्थापित करेगी. उन्होंने यह बात भारत मंडपम में आयोजित 'एआई इम्पैक्ट समिट 2026' के दौरान कही.**

प्रधान ने बताया कि भारत की नई पीढ़ी को एआई-सक्षम शिक्षा प्रदान करना अब सरकार की प्रमुख जिम्मेदारी और प्राथमिकता बन चुकी है. उन्होंने कहा कि सम्मेलन ने युवाओं में सीखने और नवाचार के प्रति नया उत्साह पैदा किया है. उन्होंने जोर देते हुए कहा कि शिक्षा में एआई और एआई में शिक्षा दोनों अब एक-दूसरे के पूरक हैं. इसका उद्देश्य न केवल छात्रों को, बल्कि शिक्षकों और स्कूल-कॉलेज प्रबंधन को भी सशक्त बनाना है.

प्रधान ने आगे कहा कि एआई की प्रगति साल 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का मार्ग प्रशस्त करेगी. उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे एआई का उपयोग सीखने, सिखाने और नए नवाचार करने के लिए करें, ताकि भारत इस क्षेत्र में वैश्विक शक्ति बन सके. सम्मेलन के दौरान शिक्षा मंत्री ने सीबीएसई 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा देने वाले छात्रों को भी संदेश दिया.

उन्होंने उन्हें 'एग्जाम वॉरियर' बताते हुए कहा कि वे तनावमुक्त होकर परीक्षा को एक 'त्योहार' की तरह मनाएं और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें. इस प्रकार, शिक्षा मंत्री ने स्पष्ट किया कि एआई न केवल भारत के शैक्षिक भविष्य को मजबूत करेगा, बल्कि इसे वैश्विक स्तर पर ज्ञान और नवाचार की शक्ति के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा.

प्रधान ने कहा कि एआई तकनीक केवल शिक्षा तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि यह पूरे समाज और अर्थव्यवस्था को प्रभावित करेगी. उन्होंने यह भी कहा कि भारत के पारंपरिक ज्ञान से लेकर भविष्य के आधुनिक ज्ञान तक, एआई के माध्यम से छात्रों और शिक्षकों को सशक्त बनाया जा सकता है. इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में 'इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो-2026' का उद्घाटन किया और एक्सपो में लगी विभिन्न प्रदर्शनियों का अवलोकन करते हुए एआई टूल्स के बारे में जानकारी ली. प्रधान ने समिट के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि एआई शिक्षा में गुणवत्ता, नवाचार और वैश्विक प्रतिस्पर्धा बढ़ाने का सबसे बड़ा साधन बन सकता है.

## एआई सम्मेलन में कुप्रबंधन सरकार की अक्षमता का परिणाम

**नयी दिल्ली, 17 फरवरी.** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि भारत में आयोजित एआई वैश्विक सम्मेलन का उद्देश्य देश की डिजिटल और एआई क्षमताओं को दुनिया के सामने प्रदर्शित करना था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'प्रचार की भूख' के कारण यह सम्मेलन अराजकता में बदल गया. खरगे ने बताया कि सम्मेलन में शामिल संस्थाओं, प्रदर्शकों और आगंतुकों को सुरक्षा और व्यवस्थागत कारणों से भारी परेशानी का सामना करना पड़ा. उन्हें भोजन, पानी और बुनियादी सुविधाएं नहीं मिलीं, कई प्रदर्शनों के उपकरण चोरी हो गए, लैपटॉप और व्यक्तिगत इलेक्ट्रॉनिक उपकरण प्रतिबंधित किए गए, और डिजिटल यूपीआई के बजाय केवल नकद भुगतान स्वीकार किया गया.उन्होंने कहा कि यह स्थिति भारत के लिए वैश्विक शर्मिंदगी है और इसे देश की ही सरकार की अक्षमता का परिणाम माना जाना चाहिए.

# बांग्लादेश के 11वें पीएम बने तारिक





लोकसभा स्पीकर ओम बिरला तारिक रहमान के शपथ समारोह में शामिल होने बांग्लादेश पहुंचे.

### 25 कैबिनेट और 24 राज्य मंत्रियों ने भी ली शपथ

### 25 कैबिनेट मंत्रियों में से 17 नए चेहरे

**ढाका, 17 फरवरी. बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी ( बीएनपी ) के अध्यक्ष और 17 साल के निर्वासन के बाद स्वदेश लौटे तारिक रहमान ने मंगलवार को बांग्लादेश के नए प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ ली.**

राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने उन्हें अपराह्न 4.15 बजे शपथ दिलाई. रहमान बांग्लादेश के 11वें प्रधानमंत्री हैं. जुलाई 2025 में प्रधानमंत्री शेख हसीना सरकार के गिरने के बाद मोहम्मद यूनुस बांग्लादेश सरकार के सलाहकार के तौर पर देश संभाल रहे थे. यूनुस की देखरेख में करीब आठ महीने चले शासन के बाद 12 फरवरी 2026 को बांग्लादेश के आम चुनाव हुए. बीएनपी ने इन चुनावों में 299 में से 209 सीटें जीतकर कर इतिहास बना दिया. रहमान के अलावा 25 कैबिनेट मंत्रियों और 24 राज्य मंत्रियों को भी पद की शपथ दिलाई है. इनमें एक हिंदू मंत्री निताई रॉय चौधरी भी शामिल है. वह कैबिनेट मंत्री बने. 25 कैबिनेट मंत्रियों में से 17 नए चेहरे हैं. सभी 24 राज्य मंत्री नए हैं.

# एच-125 हेलीकॉप्टर असेंबली लाइन शुरू

## राजनाथ सिंह बोले—निवेश और रोजगार में होगी बढ़ोतरी



**कर्नाटक ,17 फरवरी. वेमगल में एच-125 लाइट यूटिलिटी हेलीकॉप्टर की फाइनल असेंबली लाइन का उद्घाटन किया गया, जिसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह उपस्थित रहे. यह पहल टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स और एयरबस हेलीकॉप्टर्स के सहयोग से शुरू हुई है और इसे भारत के रक्षा विनिर्माण क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया गया.**

राजनाथ सिंह ने दोनों कंपनियों की टीमों को बधाई देते हुए कहा कि यह परियोजना भारत की मित्र देशों के साथ उच्च स्तरीय विनिर्माण में साझेदारी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है. उन्होंने जोर दिया कि विदेशी कंपनियां अपने महत्वपूर्ण पुर्जे भारतीय एमएसएमई से ले रही हैं और इस सहयोग को तकनीक हस्तांतरण के माध्यम से और मजबूत किया जाना चाहिए. रक्षा मंत्री ने 'मेक इन इंडिया' और आत्मनिर्भरता को 2014 के बाद भारत की आर्थिक नीति की आधारशिला बताया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल के तहत देश उच्च प्रौद्योगिकी और उन्नत उपकरणों के निर्माण में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है. उन्होंने निवेश, बुनियादी ढांचा और पीएलआई जैसी योजनाओं से औद्योगिक विकास में तेजी आने का भी उल्लेख किया.

## राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का केस खारिज

**बेंगलरु.** कर्नाटक हाई कोर्ट ने राहुल गांधी के खिलाफ विधानसभा चुनावों के दौरान कथित मानहानि से जुड़े चुनावी कंटेंट को लेकर दर्ज की गई एक निजी शिकायत को रद्द कर दिया है. जस्टिस सुनील दत्त यादव की अध्यक्षता वाली बेंच ने यह आदेश सुनाते हुए राहुल गांधी को बड़ी राहत दी. यह मामला बीजेपी सरकार को निशाना बनाने वाले एक करप्शन रेट कार्ड विज्ञापन से जुड़ा था, जिसे राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर साझा किया था. इस विज्ञापन के बाद बीजेपी समर्थक केशव प्रसाद ने एक निजी शिकायत दर्ज कराई थी, जिस पर निचली अदालत ने समन जारी किया था. राहुल गांधी ने इन समन को हाई कोर्ट में चुनौती दी थी, जिसके बाद कोर्ट ने सुनवाई करते हुए शिकायत को पूरी तरह से खारिज कर दिया है.

# यूपी का एमएसएमई सेक्टर हुआ मजबूत

▶ सरकार ने एमएसएमई क्षेत्र को प्रौद्योगिकी से जोड़ने की दिशा में बहुस्तरीय कदम उठाया

**लखनऊ, 17 फरवरी. उत्तर प्रदेश सरकार ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र को प्रौद्योगिकी से जोड़ने की दिशा में बहुस्तरीय कदम उठाए हैं.**

डिजिटल प्लेटफॉर्म, प्रशिक्षण कार्यक्रम, तकनीकी उन्नयन और नीतिगत सुधारों के माध्यम से प्रदेश की 96 लाख से अधिक एमएसएमई इकाइयों को प्रतिस्पर्धी और बाजारोन्मुख बनाने का प्रयास किया जा रहा है. इन पहलों से उत्पादन क्षमता बढ़ी है और रोजगार सृजन में नई गति आई है. बजट 2026-27 में एमएसएमई योजनाओं के लिए 3,822 करोड़ रुपए प्रस्तावित किए गए हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में 19% अधिक हैं. वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) योजना के तहत मार्केटिंग डेवलपमेंट, टूलकिट वितरण और प्रशिक्षण के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म विकसित किए गए हैं. इसके माध्यम से एससी-एसटी और ओबीसी वर्ग के कारीगरों को तकनीक आधारित कौशल प्रशिक्षण मिल रहा है और पारंपरिक उत्पादों को ई-कॉमर्स और डिजिटल मार्केटिंग से जोड़कर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाया जा रहा है.

एमएसएमई चैम्पियनशिप (चैंपियंस पोर्टल) के तहत चयनित इकाइयों को आधुनिक मशीनरी, गुणवत्ता सुधार और डिजिटल टूल्स के उपयोग के लिए तकनीकी सहायता दी जा रही है.




उद्यम सारथी ऐप और विश्व बैंक समर्थित आरएएमपी योजना के जरिए डिजिटल रजिस्ट्रेशन, संचालन मार्गदर्शन और वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है. नीतिगत सुधारों के तहत प्लग एंड प्ले मॉडल से 72 घंटे में संचालन शुरू करना संभव हुआ और बीमा कवरेज जैसी सुविधाओं ने उद्यमियों के जोखिम प्रबंधन को आसान बनाया. डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन से ग्रामीण और अर्धशहरी इकाइयों को व्यापक बाजार मिला है, जिससे रोजगार और आजीविका के नए अवसर जुड़े हैं.

## ऑस्ट्रेलिया के चार्लटन भारत एआई में होगें शामिल

**नई दिल्ली.** ऑस्ट्रेलिया के सहायक मंत्री (विज्ञान, प्रौद्योगिकी और डिजिटल अर्थव्यवस्था) डॉ. एंड्र्यू चार्लटन भारत में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट में शामिल होंगे. वे समिट में सुरक्षित, समावेशी और सतत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के क्षेत्र में ऑस्ट्रेलिया की नेतृत्वकारी भूमिका पर जोर देंगे और निवेश, अंतरराष्ट्रीय सहयोग तथा श्रमिकों की अहम भूमिका को बढ़ावा देंगे. डॉ. चार्लटन समिट में राष्ट्रीय हित और ऑस्ट्रेलियाई नागरिकों के लाभ के लिए एआई के उपयोग की प्रतिबद्धता साझा करेंगे और समावेशी एआई तैनाती को बढ़ावा देने पर जोर देंगे. वे अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा और भारत के समकक्षों से मुलाकात कर साझेदारियों को मजबूत करेंगे.

# भारत की जन केंद्रित नीतियां बनाती हैं भरोसेमंद साझेदार





**मुंबई 17 फरवरी. विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मुंबई में 17-19 फरवरी तक आयोजित ग्लोबल इकोनॉमिक कोऑपरेशन समिट में भारत की आर्थिक ताकत और रणनीतिक साझेदारी पर जोर दिया. समिट में विकसित और विकासशील देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए, और यह भारत सरकार के विदेश मंत्रालय एवं महाराष्ट्र सरकार के सहयोग से आयोजित किया गया.**

मंच से जयशंकर ने कहा कि भारत की तेज, प्रैक्टिकल और जन केंद्रित नीतियां इसे विश्व का भरोसेमंद साझेदार बनाती हैं. उन्होंने वैश्विक बदलावों और भू-आर्थिक चुनौतियों पर भी प्रकाश डाला. उनका कहना था कि मौजूदा ग्लोबल ऑर्डर बदल रहा है और आने वाले समय में इकोनॉमिक्स, पॉलिटिक्स, सिक्योरिटी और एआई टेक्नोलॉजी की भूमिका पहले से ज्यादा महत्वपूर्ण होगी.

जयशंकर ने रिफॉर्म एक्सप्रेस को जारी रखने पर जोर दिया और कहा कि भारत अपनी राष्ट्रीय क्षमताओं को मजबूत कर वैश्विक चुनौतियों से निपट रहा है. उन्होंने उत्पादन, सेवाओं, टेक्नोलॉजी, स्किल्स और टैलेंट के क्षेत्र में भारत की बढ़ती वैश्विक अहमियत का भी उल्लेख किया.

समिट का उद्देश्य वैश्विक आर्थिक स्थिति, व्यापार कूटनीति और निवेश पर मंथन करना है. जयशंकर ने मंच से स्पष्ट किया कि भारत वैश्विक साझेदारों के साथ गहरे और भरोसेमंद संबंध बनाने की दिशा में लगातार अग्रसर है.

# हिंदुओं को तीन बच्चे पैदा करने की दी सलाह

**भारत में रहने वाले मुस्लिम भी हिंदू हैं: मोहन भागवत**



**लखनऊ, 17 फरवरी. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने लखनऊ में कहा कि भारत में रहने वाले मुस्लिम भी हिंदू हैं और उन्होंने कोई अरब से नहीं आए हैं.**

उन्होंने 'घर वापसी' को तेज करने और हिंदू धर्म में लौटने वाले लोगों का ध्यान रखने पर जोर दिया. भागवत ने बढ़ती घुसपैठ पर चिंता जताते हुए कहा कि घुसपैठियों को डिटेक्ट, डिलीट और डिपोर्ट करना चाहिए तथा उन्हें रोजगार नहीं देना चाहिए. हिंदुओं की घटती जनसंख्या पर उन्होंने कम से कम तीन बच्चे पैदा करने की सलाह दी. उन्होंने विवाह का उद्देश्य सृष्टि को आगे बढ़ाना बताया, वासना पूर्ति नहीं. भागवत ने जातिवाद पर चिंता जताई और कहा कि समाज को जातियों में बांटने से बचना चाहिए. लखनऊ प्रवास में उन्होंने सामाजिक सद्भाव बैठक में विभिन्न वर्गों के लोगों से चर्चा की और एक-दूसरे के दुख-दर्द में शामिल होने की आवश्यकता बताई. उन्होंने अमेरिका और चीन जैसी विदेशी शक्तियों से सावधान रहने की चेतावनी दी और मुगल और अंग्रेज शासन के बावजूद हिंदू धर्म-संस्कृति की मजबूती पर जोर दिया. भागवत ने कहा कि यूजीसी गाइडलाइंस और सरकार के कानूनों का पालन करना चाहिए.

## गोगोई मामले की केंद्र सरकार को भेजी एसआईटी रिपोर्ट

**गुवाहाटी.** असम कांग्रेस के नेता और जोरहाट लोकसभा सीट से सांसद गौरव गोगोई के पाकिस्तान से कथित संबंधों में नया अपडेट आया है. असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा है कि गोगोई के कथित पाकिस्तान संबंधों की जांच से जुड़े सभी सबूतों के साथ यह मामला अब केंद्र सरकार को सौंप दिया गया है. मुख्यमंत्री सरमा ने कहा, हमने इस मामले को सभी प्रमाणों के साथ केंद्र सरकार को सौंप दिया है और अब इसकी जांच केंद्र सरकार करेगी.

# किसान कल्याण और राजनीतिक संदेश का संगम

## जयपुर में भारत-विस्तार का हुआ शुभारंभ



जयपुर,17 फरवरी. केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 'भारत-विस्तार' प्लेटफॉर्म का भव्य शुभारंभ किया. कार्यक्रम में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, केंद्रीय और राज्य कृषि मंत्री, सांसद और आईसीएआर संस्थानों के प्रमुख अधिकारी शामिल रहे. डिजिटल प्लेटफॉर्म किसानों को एआई-आधारित सुरक्षा कवच के साथ फसल, मौसम, मंडी भाव और सरकारी योजनाओं की जानकारी सीधे मोबाइल पर उपलब्ध कराएगा. किसानों के लिए 155261 हेल्पलाइन नंबर भी शुरू किया गया है. अपने संबोधन में चौहान ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर तीखे राजनीतिक हमले करते हुए यूपीए शासन के दौरान एमएसपी, अनाज, चीनी और खाद्य तेल नीतियों में किए गए 'किसान विरोधी फैसलों' का हवाला दिया. उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने लागत पर 50% लाभ जोड़कर एमएसपी लागू किया, अनाज वितरण के माध्यम से गरीबों को सुरक्षा दी और डेयरी उत्पादों पर आयात पर रोक लगाकर किसानों का हित सुरक्षित किया.

**समक्ष - विकम सिंह, प्रथम अतिरिक्त सदस्य मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण कोतमा के अतिरिक्त सदस्य कोतमा, जिला-अनूपपुर (म.प्र.)**

प्रो.क्रं. 05/2026 प्रकरण क्रं. MACC/24/2024
आदेश दिनांक: 09/02/2026 तारीख पेशी 12/03/2026

**नोटिस**

आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 166 मो. यान अधिनियम भजनलाल उर्फ रामभजन चौधरी आयु-51 वर्ष पिता सुधाराम चौधरी निवासी ग्राम-कोठी वार्ड नं. 1, थाना-बिजुरी, तहसील-कोतमा, जिला-अनूपपुर म.प्र. आवेदक

बनाम

मो. सलीम वगैरह ...........अनावेदकगण

आपको सूचित किया जाता है कि आवेदक की ओर से अनावेदकगण से संयुक्तत: अथवा पृथकत: दुर्घटना दावा क्षतिपूर्ति राशि प्राप्त करने के लिए इस न्यायालय के समक्ष दिनांक 04.04.2024 को क्लेम याचिका प्रस्तुत किया गया है। जो कि MACC/24/2024 के रूप में न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। उक्त प्रकरण में विधिवत सुनवाई हेतु अनावेदक क्र.1 की उपस्थिति हेतु साधारण / रजिस्टर्ड नोटिस प्रेषित की गई है, किन्तु अनावेदक क्रमांक 1 मो. सलीम आयु 46 वर्ष पिता अब्दुल सत्तार निवासी संजय गांधी वार्ड निर्भयनगर कबीर कुटी, आधारताल जबलपुर, जिला-जबलपुर (म.प्र.) की तलवी अभी तक नही हो सकी है।

अत: मो. सलीम आयु 46 वर्ष पिता अब्दुल सत्तार निवासी संजय गांधी वार्ड निर्भयनगर कबीर कुटी, आधारताल जबलपुर, जिला-जबलपुर (म.प्र.) को सूचित किया जाता है कि आप उक्त प्रकरण की नियत तारीख पेशी 12.03.2026 को स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रकरण की कार्यवाही में भाग लेवें। अन्यथा आपके विरूद्ध एकक्षीय कार्यवाही करके में प्रकरण में विधि अनुसार अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। उक्त दिनांक को अवकाश घोषित होने की स्थिति में प्रकरण में आगामी कार्यदिवस को सुनवाई होगी।

आज दिनांक 17/02/2016 न्यायालयीन सीलमुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी।

सील

**(विक्रम सिंह)**
**प्रथम अति. सदस्य मो. दु. दावा अधि. कोतमा के न्यायालय के अतिरिक्त सदस्य कोतमा, जिला-अनूपपुर (म.प्र.)**

**समक्ष - विकम सिंह, प्रथम अतिरिक्त सदस्य मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण कोतमा के अतिरिक्त सदस्य कोतमा, जिला-अनूपपुर (म.प्र.)**

प्रो.क्रं. 06/2026 प्रकरण क्रं. MACC/25/2024
आदेश दिनांक: 09/02/2026 तारीख पेशी 12/03/2026

**नोटिस**

आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 166 मो. यान अधिनियम अभिषेक कुमार श्रीवास्तव आयु-24 वर्ष पिता श्रीकान्त श्रीवास्तव निवासी ग्राम-कोठी वार्ड नं. 1, थाना-बिजुरी, तहसील-कोतमा, जिला-अनूपपुर म.प्र. .....आवेदक

बनाम

मो. सलीम वगैरह ...........अनावेदकगण

आपको सूचित किया जाता है कि आवेदक की ओर से अनावेदकगण से संयुक्तत: अथवा पृथकत: दुर्घटना दावा क्षतिपूर्ति राशि प्राप्त करने के लिए इस न्यायालय के समक्ष दिनांक 04.04.2024 को क्लेम याचिका प्रस्तुत किया गया है। जो कि MACC/25/2024 के रूप में न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। उक्त प्रकरण में विधिवत सुनवाई हेतु अनावेदक क्र.1 की उपस्थिति हेतु साधारण / रजिस्टर्ड नोटिस प्रेषित की गई है, किन्तु अनावेदक क्रमांक 1 मो. सलीम आयु 46 वर्ष पिता अब्दुल सत्तार निवासी संजय गांधी वार्ड निर्भयनगर कबीर कुटी, आधारताल जबलपुर, जिला-जबलपुर (म.प्र.) की तलवी अभी तक नही हो सकी है।

अत: मो. सलीम आयु 46 वर्ष पिता अब्दुल सत्तार निवासी संजय गांधी वार्ड निर्भयनगर कबीर कुटी, आधारताल जबलपुर, जिला-जबलपुर (म.प्र.) को सूचित किया जाता है कि आप उक्त प्रकरण की नियत तारीख पेशी 12.03.2026 को स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रकरण की कार्यवाही में भाग लेवें। अन्यथा आपके विरूद्ध एकक्षीय कार्यवाही करके में प्रकरण में विधि अनुसार अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। उक्त दिनांक को अवकाश घोषित होने की स्थिति में प्रकरण में आगामी कार्यदिवस को सुनवाई होगी। आज दिनांक 17/02/2016 न्यायालयीन सीलमुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी।

सील

**(विक्रम सिंह)**
**प्रथम अति. सदस्य मो. दु. दावा अधि. कोतमा के न्यायालय के अतिरिक्त सदस्य कोतमा, जिला-अनूपपुर (म.प्र.)**

**MADHYA PRADESH BUILDING DEVELOPMENT CORPN.**
(An Agency of Govt. of M.P. Public Works Department)
16-A, CEDMAP Building, Arera Hills, Bhopal (M.P.)-462011
Telephone No. : 0755-4853297, 0755-4853295
E-mail : einc-mpbdc@mp.gov.in, dgmhqmpbdc@gmail.com
NIT No. : 1323/GM/MPBDC/CW&DIS/26/NIT-77 Bhopal, Dt. : 17.02.2026

**NOTICE INVITING TENDER**

Madhya Pradesh Building Development Corporation Limited (MPBDC) Bhopal invites online tenders for the following works :-

1. Construction of Kanya Shiksha Parisar at Sohawal Dist. Rewa M.P. PAC :- Rs. 2,999.40 Lakhs
2. Construction of Kanya Shiksha Parisar at Dist. Rewa M.P. PAC :- Rs. 2,998.90 Lakhs
3. Construction of New College of Nursing (CON) at Dist. Singrauli M.P. PAC :- Rs. 1,173.86 Lakhs
4. Construction of 100 bedded Boys and 100 bedded Girls Hostel at CM Rise School Narayanganj Dist. Mandla M.P. PAC :- Rs. 639.59 Lakhs
5. Construction of 100 bedded Boys and 100 bedded Girls Hostel at CM Rise School Pati Dist. Barwani M.P. PAC :- Rs. 639.59 Lakhs
6. Construction of 100 bedded Boys and 100 bedded Girls Hostel at CM Rise School Kundam Dist. Jabalpur M.P. PAC:- Rs. 639.59 Lakhs
7. Construction of 100 bedded Boys and 100 bedded Girls Hostel at CM Rise School Dhanora Dist. Seoni M.P. PAC :- Rs. 639.59 Lakhs
8. Construction of 100 bedded Boys and 100 bedded Girls Hostel at CM Rise School Ghansaur Dist. Seoni M.P. PAC :- Rs. 639.59 Lakhs
9. Construction of 100 bedded Boys and 100 bedded Girls Hostel at CM Rise School Parasia Dist. Chhindwara M.P. PAC:- Rs. 639.59 Lakhs
10. Construction work of PCB Regional office Building, Indore (M.P.) PAC :- Rs. 603.09 Lakhs
11. Work of interior furnishing and electrification on fifth floor (left and right wing both) of newly constructed administrative building and cultural center of commissioner tribal office at Arera hills, Bhopal, M.P. PAC :- Rs. 410.11 Lakhs
12. Renovation Upgradation and New Construction work at Govt. P.G. College, Dist. Damoh M.P. **(2nd Call)** PAC :- Rs. 590.10 Lakhs
13. Renovation Upgradation and New Construction work at Govt. P.G. College, Dist. Jhabua M.P. **(2nd Call)** PAC :- Rs. 392.49 Lakhs
14. Construction of 50 bedded Boys and Girls Hostel at Govt. Higher Secondary School Rajendra Nagar Basoda Dist. Vidisha M.P. **(2nd Call)** PAC :- Rs. 365.36 Lakhs
15. Renovation Upgradation and New Construction work at Govt. P.G. College Dist. Sheopur M.P. **(2nd Call)** PAC :- Rs. 324.86 Lakhs
16. Construction of 50 bedded Girls Hostel at Govt. Higher Secondary School Excellence Lateri Dist. Vidisha M.P. **(2nd Call)** PAC :- Rs. 182.20 Lakhs
17. Upgradation of Examination Hall and Library Building at Institute for Excellence in Higher Education (IEHE) Dist. Bhopal M.P. **(2nd Call)** PAC :- Rs. 158.88 Lakhs
18. Demolition of the old government residential and non-residential buildings at proposed site of upcoming project of Shyamshah Medical College Rewa, M.P. PAC :- Rs. 58.93 Lakhs
19. Empanelment of Consultants and Architects Firm for Architectural Design and DPR Consultancy Service (Phase-2) was invited vide NIT No. - 8874/GM/MPBDC/EP/25/NIT-72 Bhopal, Dated : 04.12.2025
20. Empanelment of Sports Infrastructure Planners in MPBDC was invited vide Notification No. - 8872/Proc/Mpbdc/2025/Empanelment of Sports Infrastructure Planner Bhopal, Dated : 04.12.2025

Detailed NIT and tender documents can be viewed, downloaded and purchased online for from **19.02.2026 at 18:00 hrs. to 13.03.2026 at 15:30 hrs. (for S. No. 01 to 18), 20.02.2026 at 18:00 hrs. to 13.03.2026 at 15:30 hrs. (for S. No. 19).** from website **www.mptenders.gov.in** The bidders have to submit the Bids online only. from website **www.mptenders.gov.in**. PAC can vary at the time of uploading of tender document. Any amendment/corrigendum 'if any' will be published on website only, will not be published on newspapers. **Details and information for S. No. 20 shall be available till 06.03.2026 on www.mpbdc.gov.in**

M.P. Madhyam/124506/2026 **MANAGING DIRECTOR**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, पीथमपुर जिला धार (म. प्र. )**

क्रमांक / 1087 / न.पा./ 26 Email-cmopithampur@mpurban.gov.in पीथमपुर, दिनांक :- 13/02/2026

**ई - निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पालिका परिषद् पीथमपुर जिला धार द्वारा निम्नलिखित कार्य की निविदा विज्ञप्ति सूचना ई-टेण्डरिंग पद्वति से ई-प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल (www.mptenders.gov.in) पर आमंत्रित है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | ऑनलाईन टेंडर नं. | सामग्री का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD राशि | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_482516 | गौरव दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजन करने हेतु ( दिनांक 01 मार्च 2026 ) | 03 दिवस 10.00 लाख | 2000/- 10000/- | 23.02.2026 |

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद पीथमपुर जिला धार

( श्रीमती सेवन्ती सुरेश पटेल )
अध्यक्ष
नगर पालिका पीथमपुर जिला धार

**M.P. POWER GENERATING COMPANY LIMITED**
SUPERINTENDING ENGINEER (P&W), OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER (GEN.)
SANJAY GANDHI THERMAL POWER STATION, BIRSINGHPUR, DISTT.-UMARIA 484 552 (M.P.)
Email ID : sepnw.sgtps@mppgcl.mp.gov.in, FAX No. : 07655-260226
No. 511-0100/SGTPS/P&W/E-NIT-46/4707 Birsinghpur, dtd. 16.02.2026

**E-TENDER INVITING NOTICE**

M.P. POWER GENERATING CO. LTD. Invites Electronic tenders from manufacturer/reputed supplier/contractor, for the supply/works of following items for SGTPS, MPPGCL Birsinghpur.

| Sl. No. | MPPGCL TENDER ID | Particulars | Estimate (In Rs.) | Tender Cost (In Rs.) | E.M.D. (In Rs.) | Last Date of Closing of Onling Submission | Due Date of e-tender Opening |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | 2026_MPPGC_478026_1 | Procurement of various size Butterfly Valves with Pneumatic Actuator/Hand wheel for dry fly ash Vacuum Lines, CT Towers, Conveying Discharge Line etc. at AHP of 1x500 MW Unit, SGTPS, MPPGCL, Birsinghpur. | 14,44,000/- | 1,000/- | 28,900/- | 13.03.2026 | 18.03.2026 |
| 02. | 2026_MPPGC_477989_1 | Procurement of "bag filters" for AHP of Unit No. 1 to 4, at SGTPS, MPPGCL, Birsinghpur. | 13,62,785/- | 1,000/- | 27,300/- | 12.03.2026 | 16.03.2026 |
| 03. | 2026_MPPGC_477584_1 | Providing daily assistance in maintenance work of power house and colony exchange, at SGTPS, MPPGCL, Birsinghpur. | 16,07,263/- | 1,000/- | 32,200/- | 12.03.2026 | 16.03.2026 |
| 04. | 2026_MPPGC_482057_1 | Hiring of one No. AC mini sedan car with engine capacity about 1150 CC (For Petrol version) for S.E. (C&I : Up gradation)- at SGTPS, MPPGCL, Birsinghpur for total running 2000 KM per month for period of 2 years. | 13,53,805/- | 1,000/- | 27,100/- | 13.03.2026 | 17.03.2026 |

These tenders are being invited through e-tendering system. For viewing detailed E-NIT, downloading tender documents and participating in Electronic Tender, for any clarifications and/or due date extensions or corrigendum, please visit the website **www.mptenders.gov.in** regularly. Any clarifications and/or due date extensions or corrigendum shall be issued on the website **www.mptenders.gov.in** only.

M.P. Madhyam/124501/2026 "SAVE ELECTRICITY- SAVE POWER - SAVE MONEY" **SUPERINTENDING ENGINEER (P&W)**